# कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय बनबसा (चम्पावत )

आज दिनांक: 17.08.2026 को उत्तराखण्ड मुक्त विष्वविद्यालय हल्द्वानी नैनीताल से एक टीम राजकीय महाविद्यालय बनबसा मे अपराहन 12 बजे पहुची। जिसमें प्रोफेसर पी0 डी0 पन्त, डॉ0 बी0 के0 शर्मा एवं डॉ0 एस0 एन0 ओझा शामिल थे। महाविद्यालय पहुचकर टीम के सभी सदस्य सबसे पहले परीक्षा कक्ष में पहुचे और परीक्षा दे रहे परीक्षार्थियों की जॉच की, साथ ही परीक्षा मे कोई भी कमी न होने का केन्द्र समन्वयक डॉ0 राजीव कुमार सक्सैना को धन्यवाद दिया कि आपके केन्द्र पर परीक्षा सुचारू एवं अनुशासनबद्ध चल रही है।

टीम के सभी सदस्यों का सहयोगात्मक व्यवहार रहा साथ ही केन्द्र पर चल रहे प्रवेश एवं परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी केन्द्र समन्वयक से ली। केन्द्र समन्वयक को कुछ सुझाव भी दिये कि उन्हें अपने पड़ोसी देश नेपाल से आने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पर आवश्यक जानकारी दी, कि उन्हे कैसे प्रवेश दिया जायेगा और किसे तरीके से उन्हें ऑनलाईन क्लास एवं परीक्षा कैसे देनी है इस सम्बन्ध में जानकारी दी।

टीम के सभी सदस्यों ने महाविद्यालय में परीक्षा देने वाले एवं प्रवेश लेने वाले विद्याथियों से वार्ता की और उन्हे उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कोर्सो के बारे मे बताया गया कि उन्हे कैसे और कौन–कौन से कोर्सो में प्रवेश लेना होता है और विश्वविद्यालय की बेबसाइड भी बतायी गयी। यदि किसी भी विद्यार्थी को कोई समस्या होती है तो उन्हें मोबाईल नम्बर भी उपलब्ध कराया गया जिससे उनकी समस्या का निदान हो सके और उन्हें कोई परेशानी ना हो।

अन्त में केन्द्र समन्वयक डॉ0 राजीव कुमार सक्सैना ने टीम के सभी सदस्यो का धन्यवाद ज्ञापित किया, और उन्हें अन्त में महाविद्यालय की पत्रिका देकर सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ0 भूपनरायन दीक्षित, डॉ0 कमलेश शक्टा, डॉ0 सुशीला आर्या, डॉ0 सुधीर मलिक, श्री हेम कुमार गहतोड़ी, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में श्री कमलेश जोशी, श्रीमती जयन्ती देवी, श्री त्रिलोक चन्द्र काण्डपाल,श्री विनोद कुमार चन्द, श्री अमर सिंह एवं श्री नरसोनू आदि सभी लोगो ने सराहनीय सहयोग दिया।

केन्द्राध्यक्ष
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)

Rajeev Kr Saxena
केन्द्र समन्वयक
उ० मु० वि० अध्ययन केन्द्र
राजकीय महाविद्यालय
बनबसा (चम्पावत)